**जिलाधिकारी, फिरोजाबाद की अध्यक्षता में दिनांक 08.06.2026 को सिविल लाइन स्थित कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला पेयजल स्वच्छता मिशन के कार्यों की प्रगति एवं स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।**

पत्रांक– 863 / JJM- / 154 दिनांक 20-6-2026

जिलाधिकारी, फिरोजाबाद की अध्यक्षता में भारत सरकार की महत्वकांक्षी योजना जल जीवन मिशन(हर घर जल) कार्यक्रम अन्तर्गत जनपद में सतही श्रोत आधारित पाइप पेयजल योजना (पैकेज–1 व 2) तथा 106 राजस्व ग्रामों मे पूर्व निर्मित पेयजल योजनाओं के संचालन एवं अनुरक्षण कार्यो की प्रगति एवं स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा बैठक दिनांक 08.06.2026 को कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई, जिसमे निम्नलिखित द्वारा प्रतिभाग किया गया :–

1. मुख्य विकास अधिकारी, फिरोजाबाद।
2. श्री सुभाष चन्द्र त्रिपाठी, परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, फिरोजाबाद।
3. बेसिक शिक्षा अधिकारी, फिरोजाबाद।
4. श्री अरूण अत्री, जिला पंचायत राज अधिकारी, फिरोजाबाद।
5. जिला कृषि अधिकारी, फिरोजाबाद।
6. इ0 देवेन्द्र कुमार सिंह, अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फिरोजाबाद।
7. श्री आर0के0 सिंह, एस0डी0ओ0, वन विभाग, फिरोजाबाद।
8. श्री अनुग्रह कुमार, सहायक विकास अधिकारी(पंचायत), अरॉव।
9. श्री राजकुमार, सहायक विकास अधिकारी(पंचायत), एका एवं जसराना।
10. श्री सुनील कुमार, सहायक विकास अधिकारी(पंचायत), फिरोजाबाद।
11. श्री हरेन्द्र पाल सिंह, सहायक विकास अधिकारी(पंचायत), हाथवन्त एवं नारखी।
12. श्री संदीप चतुर्वेदी, सहायक विकास अधिकारी(पंचायत), मदनपुर एवं शिकोहाबाद।
13. श्रीमती इन्द्रलता तोमर, सहायक विकास अधिकारी(पचायत), टूण्डला।
14. श्री दिनेश यादव, डी0सी0, स्वच्छ भारत मिशन।
15. श्री अतुल त्रिपाठी, डी0सी0।
16. श्री दयाशंकर, डी0सी0, आई0ई0सी0।
17. इ0 सुनील कुमार, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फिरोजाबाद।
18. इ0 ज्ञान सिंह, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फिरोजाबाद।
19. इ0 शिवम राजपूत सहायक अभियन्ता(SWSM) उ0प्र0 जल निगम ग्रामीण
20. इ0 विवेक कौशिक सहायक अभियन्ता(SWSM) उ0प्र0 जल निगम ग्रामीण
21. इ0 रामअवतार जूनियर इंजीनियर, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फिरोजाबाद।
22. श्री देवेन्द्र सिंह, जिला परियोजना प्रबन्धक, टी0पी0आई0।
23. श्री संदीप वार्ष्णेय, डिप्टी टीम लीडर, टी0पी0आई0(ओ0एण्डएम0)।
24. श्री हरेन्द्र सिंह, परियोजना प्रबन्धक(एम0एण्डई0), जिला परियोजना अनुश्रवण इकाई।
25. श्री पदमानुज, डी0जी0एम0, मै0 एन0सी0सी0 लिमिटेड।
26. श्री सुशील कुमार, डी0पी0एम0, मै0 एल0एण्डटी0 लिमिटेड।
27. श्री अखिलेश सिंह, परियोजना प्रबन्धक, मै0 दारा इंजीनियरिंग।



Scanned with OKEN Scanner

अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद के 09 विकास खण्ड अन्तर्गत 780 नग राजस्व ग्रामो को शुद्ध पेयजल से आच्छादित किया जाना प्रस्तावित है, जिसके लिये राज्य पेयजल एव स्वच्छता मिशन द्वारा चयनित फर्मो नामतः मै0 एन0सी0सी0 लिमिटेड एव मै0 लॉर्सन एण्ड टूब्रो लिमिटेड द्वारा क्रमशः पैकेज–1 एव पैकेज–2 के कार्य प्रगति पर है। इसके अतिरिक्त जनपद मे पूर्व निर्मित 86 नग पाइप पेयजल योजनाओ, जिनमे 57 नग पेयजल योजनाए आशिक क्रियाशील एव 29 नग पेयजल योजनाएं अक्रियाशील है का रखरखाव एव संचालन मै0 दारा इजीनियरिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा0लि0 द्वारा किया जा रहा है।

(1.) पैकेज–01 :–

जिलाधिकारी, फिरोजाबाद द्वारा जल जीवन मिशन(फेज–4) कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद फिरोजाबाद मे सतही श्रोत आधारित पेयजल योजना के पैकेज–1 के अधीन निर्माणाधीन कार्यो के विषय मे जानकारी चाही गयी, जिस पर अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि पैकेज–1 के अन्तर्गतजल शोधन सयत्र(WTP) 456 MLD जनपद एटा के विकास खण्ड निधौली कला, ग्राम भडरा मे निर्माणाधीन है, प्रस्तावित घटको की प्रगति का विवरण निम्नवत् है :–

| S.No. | Proposed Work | Total Progress upto June'26 | Total Progress upto January'26 | Total Progress from January'26 to June'26 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | OFF-TAKE CHAMBER | 90% | 90% | 0% |
| 2 | VALVE CHAMBER AT RWR | 90% | 90% | 0% |
| 3 | RAW WATER RESERVOIR CUM PH | 63% | 43% | 20% |
| 4 | CASCADE AERATOR & INLET WORKS | 65% | 32% | 33% |
| 5 | CLARI-FLOCCULATOR | 80% | 75% | 5% |
| 6 | FILTER BEDS WITH BACK WASH TANK ON TOP | 40% | 27% | 13% |
| 7 | CLEAR WATER RESERVOIR | 65% | 60% | 5% |
| 8 | Chemical House | 50% | 35% | 15% |
| 9 | MIBPS-01(Ramgarh) CWR & PH 12700 KL | 78% | 72% | 6% |
| 10 | MIBPS-02(Indrai) CWR & PH 2900 KL | 78% | 77% | 1% |
| 11 | CLEAR WATER RISING MAIN PIPELINE LAYING & JOINTING ***(121 Km./ 157Km.)*** | 77% | 66% | 11% |
| | **OVERALL PROGRESS** | **71%** | **61%** | **10%** |

तालिकानुसार फर्म द्वारा 71 प्रतिशत ही प्रगति प्राप्त की गयी है। जिलाधिकारी, फिरोजाबाद द्वारा निर्देशित किया गया कि फर्म को प्राप्त समयवृद्धि (EOT) के अनुसार अपने कार्यो का बार चार्ट आगामी बैठक मे प्रस्तुत करे तथा पाइप लाइन का कार्य वर्षा ऋतु से पूर्व कराना सुनिश्चित करें। फर्म द्वारा अवगत कराया गया है कि 71 प्रतिशत पूर्ण कराये गये कार्यो के सापेक्ष वर्तमान मे रू0 229.88 करोड का भुगतान लम्बित है, जिसके कारण प्रगति धीमी हुयी है।

अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि अधिशासी अभियन्ता, नरौरा खण्ड, निचली गगा नहर, अलीगढ के पत्रांक 615/नखनिगनअ/एन0ओ0सी0 दिनांक 04.03.2025 के द्वारा निचली गगा नहर के कि0मी0 86.700 पर दाये किनारे पर हैड रेगुलेटर के निर्माण कार्य हेतु धनराशि


Scanned with OKEN Scanner

रू0 608.57 लाख की माग की गयी। लोअर गगा कैनाल से कच्चा जल प्राप्त किये जाने हेतु Canal Sluice Gate Arrangement/Head Regulator का निर्माण कार्य कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, नरौरा खण्ड, निचली गगा नहर, अलीगढ द्वारा कराया जाना है जिसे समयान्तर्गत पूर्ण कराया जाना अति महत्वपूर्ण है। इस कार्यालय के पत्राक 735/प्राक्कलन/04 दिनाक 23.04.2025 एव 484/जल जीवन मिशन/83 दिनाक 07.04.2026 के द्वारा अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एव स्वच्छता मिशन, लखनऊ को पत्र प्रेषित किया गया है, परन्तु वर्तमान तक धनराशि प्राप्त न होने के कारण उक्त कार्य अनारम्भ है। निर्देशित किया गया कि प्रमुख सचिव, नमामि गगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग को जिलाधिकारी, फिरोजाबाद के माध्यम से पत्र प्रेषित कराना सुनिश्चित करे।

(2.) पैकेज–02 :–

जिलाधिकारी, फिरोजाबाद द्वारा जल जीवन मिशन(फेज–4) कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद फिरोजाबाद मे सतही श्रोत आधारित पेयजल योजना के पैकेज–2 के अधीन निर्माणाधीन कार्यों के विषय मे जानकारी चाही गयी, जिस पर अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि पैकेज–2 के अन्तर्गत प्रस्तावित घटकों की प्रगति का विवरण निम्नवत् है :–

| S.No. | Proposed Work | Total Progress upto April'26 | Total Progress upto June'25 | Total Progress from June'25 to April'26 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | IBPS - 170-1 Aronj (1050KL) - CWR & PH | 75% | 69% | 6% |
| 2 | IBPS - 159 Malapur (700KL) - CWR & PH | 71% | 70% | 1% |
| 3 | IBPS - 160 Ahmadpur (600KL) - CWR & PH | 72% | 67% | 5% |
| 4 | IBPS - 162 Balchandrapur (600KL)- CWR & PH | 85% | 80% | 5% |
| 5 | IBPS - 166 Jarauli (650KL) - CWR & PH | 65% | 53% | 12% |
| 6 | IBPS - 167 Gaheri (950KL) - CWR & PH | 58% | 57% | 1% |
| 7 | IBPS - 168 Toola (1250KL) - CWR & PH | 68% | 65% | 3% |
| 8 | IBPS - 170 Sheola Rampur(1250KL)-CWR & PH | 59% | 59% | 0% |
| 9 | Boundary wall for OHT & IBPS | 38% | 38% | 0% |
| 10 | Staff Quarters at IBPS | 70% | 70% | 0% |
| 11 | Clear Water Rising Main ***(409 Km./1332.73 Km.)*** | 30% | 29% | 1% |
| 12 | Over Head Tank ***(249 Nos. WIP/249 Nos.)*** | 37% | 37% | 0% |
| 13 | Distribution Network ***(3449 Km./5424.70 Km.)*** | 63% | 61% | 2% |
| | **Overall Progress** | **61%** | **58%** | **3%** |

तालिकानुसार फर्म द्वारा 61 प्रतिशत ही प्रगति प्राप्त की गयी है। जिलाधिकारी, फिरोजाबाद द्वारा निर्देशित किया गया कि फर्म को प्राप्त समयवृद्वि (EOT) के अनुसार अपने कार्यों का बार चार्ट आगामी बैठक में प्रस्तुत करें तथा पाइप लाइन का कार्य वर्षा ऋतु से पूर्व कराना सुनिश्चित करें। साथ ही फर्म के Precast Structure की जांच जनपद में नामित Third Party Inspection (TPI) से कराते हुये रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया तथा 0 से 25 प्रतिशत से कम की श्रेणी में कोई भी अवर जलाशय अवशेष न हो अर्थात समस्त अवर जलाशय की प्रगति 25 प्रतिशत से अधिक प्राप्त करना सुनिश्चित करे। जल निगम अभियन्ताओं/टी0पी0आई0 द्वारा रोड पुर्नस्थापना की समीक्षा निरन्तर


Scanned with OKEN Scanner

की जाये। इसके अतिरिक्त चेतावनी दी गयी की जनपद मे यदि अवर जलाशय गिरने की घटना घटित होती है तो सम्बन्धित फर्म, जल निगम अभियन्ताओं एवं टी0पी0आई0 कार्मिको के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।

फर्म द्वारा अवगत कराया गया है कि 61 प्रतिशत पूर्ण कराये गये कार्यो के सापेक्ष वर्तमान मे रू0 37.49 करोड का भुगतान लम्बित है।

फर्म को निर्देश दिये गये कि समस्त स्थलों पर मानकानुसार कार्य कराते हुये कार्य समय से पूर्ण किया जाये, सडक मरम्मत/पुर्नस्थापना का कार्य प्राथमिकता पर उचित भराव एवं समतलीकरण के साथ पूर्ण कराया जाये।

(3.) टी0पी0आई0 :–

जिला परियोजना प्रबन्धक, टी0पी0आई0 द्वारा अवगत कराया गया कि पैकेज–1 अन्तर्गत निर्गत की गयी 154 नग NC's में से 150 नग NC's का निराकरण किया गया है। इसी प्रकार पैकेज–2 अन्तर्गत निर्गत की गयी 263 नग NC's में से 202 नग NC's का निराकरण किया गया है, तत्पश्चात् जिलाधिकारी, फिरोजाबाद द्वारा अवशेष NC's का यथाशीघ्र निराकरण कराने हेतु फर्मो को निर्देशित किया गया एवं टी0पी0आई0 को निर्देश दिये गये कि वह फर्म द्वारा बिछाये जा रहे पाइप की गुणवत्ता सुनिश्चित करें।

(4.) मै0 दारा इंजीनियरिंग :–

अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया है कि जनपद में 86 नग पेयजल योजनाओं के संचालन एवं अनुरक्षण हेतु चयनित फर्म मै0 दारा इंजीनियरिंग द्वारा 57 नग आंशिक क्रियाशील पेयजल योजनाओं का संचालन किया जा रहा है जिसमें से वर्तमान में 54 नग पेयजल योजनाओं पर पेयजल आपूर्ति की जा रही है, तथा फर्म द्वारा 29 नग बन्द पडी पेयजल योजनाओ को सुचारू करने हेतु कार्यवाही की जा रही है, जिसके सापेक्ष 3 नग पाइप पेयजल योजनाओ को संचालित कर दिया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि 57 नग अनुरक्षण एवं संचालित पेयजल योजनाओं के शत्–प्रतिशत गृह संयोजनों में पेयजलापूर्ति सुचारू की जाये।

(5.) अन्य बिन्दु :–

1 अधिशासी अभियन्ता द्वारा मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन के पत्रांक 7/2026/493/छिहत्तर –1–2026 (2027542) के साथ संलग्न पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र स0–11031/14/2025-WQ-DDWS दिनांक 12.01.2026 में वर्णित बिन्दुओ पर चर्चा की गयी एवं Source Sustainability रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी। उक्त पर जिलाधिकारी, फिरोजाबाद द्वारा अपर जिलाधिकारी(न्यायिक), फिरोजाबाद, अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई विभाग एवं अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) की समिति गठित कर Source Sustainability की संयुक्त रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया।


Scanned with OKEN Scanner

2 दोनों फर्मों को निर्देशित किया गया कि समस्त घटको पर विद्युत कनैक्शन की कार्यवाही समय से पूर्ण कर ली जाये।

3 प्रभागीय वन अधिकारी, वन विभाग को अनापत्ति प्रमाण पत्र के सम्बन्ध मे जिलाधिकारी, फिरोजाबाद की तरफ से पत्र प्रेषित कराया जाये।

धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

(शत्रोहन वैश्य)
मुख्य विकास अधिकारी,
फिरोजाबाद।

पृ0स0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार
प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. जिलाधिकारी महोदय, फिरोजाबाद।
2. प्रभागीय वनाधिकारी, फिरोजाबाद।
3. जिला चिकित्सा अधिकारी, फिरोजाबाद।
4. अपर जिलाधिकारी(नमामि गंगे), फिरोजाबाद।
5. जिला विकास अधिकारी, फिरोजाबाद।
6. जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, फिरोजाबाद।
7. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, फिरोजाबाद।
8. जिला पंचायत राज अधिकारी, फिरोजाबाद।
9. प्रतिनिधि, केन्द्रीय भू–जल बोर्ड।
10. अधिशासी अभियन्ता, सिचांई, फिरोजाबाद।
11. जिला कृषि अधिकारी, फिरोजाबाद।
12. जिला सूचना एवं जल सपर्क अधिकारी, फिरोजाबाद।
13. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फिरोजाबाद।
14. समस्त सहायक विकास अधिकारी(पंचायत), फिरोजाबाद।
15. डी0पी0एम0, टी0पी0आई0 (फिचनर इण्डिया), फिरोजाबाद।
16. डी0टी0एल0, टी0पी0आई0 (ओ0एण्डएम0), फिरोजाबाद।
17. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, फिरोजाबाद।
18. परियोजना प्रबन्धक, पैकेज–01 मै0 एन.सी.सी लिमिटेड, फिरोजाबाद।
19. परियोजना प्रबन्धक, पैकेज–02 मै0 लॉर्सन एण्ड टूब्रो लिमिटेड, फिरोजाबाद।
20. डी0जी0एम0, मै0 दारा इंजीनियरिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रेक्चर प्रा0लि0, जौधपुर।

Digitally signed by
SHATROHAN VAISHYA
Date: 19-06-2026
13:31:49

मुख्य विकास अधिकारी,
फिरोजाबाद।



Scanned with OKEN Scanner